प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक में 10 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति : पुलिस, पीएसी में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने को मंजूरी।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा 9 से 21 जून तक चलाएगी विशेष अभियान : मुख्यमंत्री ने कहा– विरासत से विकास की बेहतरीन यात्रा का गवाह है यह दौर।
3. अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना के धार्मिक अनुष्ठान आज से शुरू : 5 जून को होगा मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह।

और

4. आईपीएल में रॉयल चलेंजस बैंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है फाइनल मुकाबला।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदश सरकार ने पुलिस कांस्टेबल, पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण

को मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त हुए अग्निवीरों के लिए राज्य पुलिस और पीएसी में 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही 3 साल की आयु छूट का लाभ भी दिया जाएगा। बाइट..

*जो कैबिनेट के समक्ष जो प्रस्ताव आया है। प्रस्ताव संख्या छः एक्स अग्निवेश को समायोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी आरक्षी, घोड़सवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में बीस प्रतिशत पदों पर आरक्षण देने के संबंध में उत्तर प्रदेश में आज मंत्रिपरिषद ने बीस प्रतिशत हॉरिजोंटल आरक्षण देने का फैसला किया है। हॉरिजोंटल यानि जिस श्रेणी का व्यक्ति होगा अगर सा मान्य का होगा तो सामान्य एससी का होगा तो एससी ओबीसी का तो होगा तो ओबीसी। ये अपने आप में एक बहुत बड़ा फैसला है।*

बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेक फास्ट और होमस्टे नीति–2025 को भी मंजूरी दी गई। इसके अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके अलावा प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूरे होने पर आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी ने कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष भारत की विरासत से विकास की एक बेहतरीन यात्रा है। उन्होंने कहा

कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन का बेहतरीन मॉडल दिया है। बाइट....

*अलग अलग कार्यक्रम जो अलग अलग विषयों को लेकर के होने है। पिछले ग्यारह वर्ष भारत की विरासतसे विकास की एक बेहतरीन यात्रा है। भारत की विरासत को आजादी के बाद पहली बार पहचान मिली है। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के शिलान्यास में भी आए और रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी आए मोदी जी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व है और तब ये चेंज आया है विरासत से विकास की इस यात्रा में सेवा सुरक्षा और सुशासन का बेहतरीन मॉडल देने का जो काम हुआ है।*

भाजपा प्रदेश में 9 से 21 जून तक विशेष अभियान चलाएगी। अभियान को मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक नाम दिया गया है। इस अभियान के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा।

————————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केंद्र में एनडीए सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आज लखनऊ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतवर्ष ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में भारतवर्ष ने बहुत अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर के चिकित्सा विज्ञान से लेकर के इन्फ्रास्ट्रक्चर मैं कह सकता हूं कि भारत आर्थिक मोर्चे पर आज बड़ी बड़ी महाशक्तियों को पछाड़ करके आज नंबर चार पर है और जब दो हज़ार सैंतालीस में हम भारत माता अपनी एक सौ वीं वर्षगांठ मनाएगी। उससे पहले दुनिया के शासियों का मानना है कि भारत विकसित*

*राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा और हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेंगे।*

———————

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम दरबार की मूतिर्यों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान आज से वैदिक विधि विधान से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित यह समारोह 5 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर पूर्ण होगा। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*श्री राम मंदिर परिसर की यज्ञशाला में आजसुबह 6:30 बजे से पूजा–अनुष्ठान शुरु हो गए... इसके साथ ही रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा और अन्य भक्ति भजनों कापाठ किया जा रहा है। मुख्य समारोह 5 जून को होगा, जिसमें राम दरबार (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ–साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य संपन्न करवा रहे हैं। इसके तहत 4 जून को विभिन्न अधिवास और पालकी यात्रा का आयोजन होगा, जबकि 5 जून को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस दौरान ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रथम तल पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल न हों। श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए मंदिर ट्रस्ट बाद में तारीखों का एलान करेगा। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या पीटीसी अयोध्या।*

———————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे को याद कर रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान अविश्वसनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया था। एक रिपोर्ट....

*वर्ष 1918 में वर्तमान में कर्नाटक में जन्मे सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें, दिसंबर 1947 में सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल हुए। वर्ष 1947–48 में भारत पाक युद्ध के दौरान भारतीय सेवा ने मार्च 1948 में जहांगीर क्षेत्र पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के बाद वहां के नागरिकों को दुश्मन की क्रूरता से बचाने के लिए नौशेरा से राजौरी की ओर एक अग्रिम अभियान की योजना बनाई। 8 अप्रैल को चार डोगरा बटालियन ने अपना हमला शुरू किया, सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें, इस दौरान 37 एसॉल्टफील्ड कंपनी की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। सेकंड लेफ्टिनेंट राणें ने इस दौरान शत्रु के मोर्टार हमलों के बीच असाधारण साहस और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। 8 अप्रैल के दिन घायल होने के बावजूद भी, उन्होंने टैंकों के लिए मार्ग को साफ करने के लिए बारूदी सुरंगों और बाधाओं को हटाने का कार्य जारी रखा। उनके इन्हीं प्रयासों के कारण*

*भारतीय सेना राजौरी तक पहुंचने में सफल हुई, उनके अद्वितीय साहस दृढ़ निश्चय और सेवा भावना के लिए सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलैन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

**प्रदेश सरकार ने राज्य के 47 जिलों मे मोटे अनाज, श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की है। यह योजना वर्ष 2025–26 की राज्य कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी तैयारी पूरी ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है।**

————————

**प्रदेश राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने आज लखनऊ में 50 आवासीय क्षमता वाले मानसिक मंदित आश्रय गृह सह–प्रशिक्षण केन्द्र का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केन्द्र उन्हं सुरक्षित आवास प्रदान करेगा।**

————————

**प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जौनपुर में आज कृषि विभाग की टीम ने किसानों को धान की सीधी बुआई, मक्का और अरहर की मेढ पर बुआई, उन्नतशील प्रजातियों के चयन और प्राकृतिक खेती की**

जानकारी दी। अमरोहा में भी किसानों को कृषि अनुसंधानों के विषय में जानकारी दी गई।

————————

आगरा के सिकंदरा में आज हुए एक हादसे में चार लड़कियों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब एक ही परिवार की छह लड़कियां नदी में नहाने गईं थी। इस दौरान चार डूब गईं आर दो को बचा लिया गया। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमं अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान पर हैं। पंजाब किंग्स ने टॉस जीत कर बालिंग करने का फैसला किया।

————————

प्रदेश के कई जनपदों में आज रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे कई जगहों पर तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कल गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

(समाप्त)